भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1375
उत्तर देने की तारीख 11.12.2023

मेरा गांव मेरी धरोहर

1375. **श्री अब्दुल खालेक :**
श्री सुदर्शन भगत :
श्री महेश साहू :
श्री सुनील कुमार सिंह :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मेरा गांव मेरी धरोहर परियोजना का ब्यौरा क्या है;
(ख) देश भर में और विशेष रूप से पूर्वोत्तर क्षेत्र में इस परियोजना से कितने गांव जुड़े हैं;
(ग) इस लक्षित संपर्क को प्राप्त करने की समय-सीमा क्या है;
(घ) क्या इस योजना के अंतर्गत सभी गांवों को जोड़ा जाना है अथवा गांवों का चयन कतिपय मानदंडों के आधार पर किया जाएगा; और
(ङ) इस परियोजना के लिए कितना बजट आवंटित किया गया है?

उत्तर

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(जी. किशन रेड्डी)

(क) : भारत सरकार ने मेरा गांव, मेरी धरोहर (एमजीएमडी) कार्यक्रम के तहत सभी गांवों का मानचित्रण और प्रलेखन करने का निर्णय लिया है। एमजीएमडी के संबंध में 27.07.2023 को एक वेब पोर्टल की भी शुरूआत की गई थी। एमजीएमडी का उद्देश्य भारत के गांवों के जीवन, इतिहास और लोकाचार के संबंध में समग्र सूचना संकलित करना और वर्चुअल एवं वास्तविक आगंतुकों को इसे उपलब्ध कराना है। एमजीएमडी के तहत सात विस्तृत श्रेणियों में सूचना एकत्रित की जाती है जो निम्नानुसार हैं:

- कला और शिल्प ग्राम
- पारिस्थितिकी उन्मुखी ग्राम
- भारत की शाब्दिक और शास्त्रानुकूल परंपराओं से जुड़ा शैक्षिक ग्राम
- रामायण, महाभारत और/अथवा पौराणिक कथाओं और मौखिक महाकाव्यों से जुड़ा पौराणिक ग्राम
- स्थानीय और राष्ट्रीय इतिहास से जुड़ा ऐतिहासिक ग्राम
- वास्तुशिल्पीय विरासत ग्राम

अन्य कोई विशेषता जिसे विशेष रूप से दर्शाए जाने की आवश्यकता है जैसे कि मछली पकड़ने वाला गांव, बागवानी ग्राम, गडरिया ग्राम आदि।

(ख): परियोजना का उद्देश्य उन सभी आवासीय गांवों को कवर करना है, जिन्हें भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त द्वारा प्रकाशित जनगणना सूची, 2011 में 'ग्राम' के रूप में चिन्हित किया गया है जिसमें पूर्वोतर क्षेत्र के गांव भी शामिल हैं।

(ग): संपर्क प्राप्त करने की लक्षित तारीख 31 मार्च, 2026 है।

(घ): ये गांव, भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त द्वारा प्रकाशित जनगणना सूची, 2011 के अनुसार हैं।

(ङ) : मेरा गांव मेरी धरोहर परियोजना, राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन (एनएमसीएम) का घटक है। पांच वर्षों अर्थात 2021-26 के लिए राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन के लिए कुल अनुमोदित बजट 89.99 करोड़ रुपये है।

*****